# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ
## प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)–2023
## उत्तर कुंजी

**QP Set – KM3** | **परीक्षा तिथि : 28.10.2023 (द्वितीय पाली)** | **QP Code – 8740**

**1.** समुद्रगुप्त की प्रशस्ति, संस्कृत में एक कविता के रूप में किस कवि द्वारा रचित थी जिसे इलाहाबाद में अशोक स्तंभ पर अंकित किया गया था ?

**हरिषेण**

Prashasti of Samudragupta in the form of a poem in Sanskrit was composed by which poet that was inscribed on the Ashokan pillar at Allahabad ?

**Harishena**

**2.** खिज्र खान दिल्ली का शासक था, निम्नलिखित में से किस राजवंश से संबंधित था ?

**सैय्यद राजवंश**

Khizr Khan was a ruler of Delhi, belonged to which of the following dynasties ?

**Sayyid Dynasty**

**3.** कोलकाता स्थित फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना वर्ष 1800 में किसके द्वारा की गई थी ?

**रिचर्ड वेलेजली**

By whom the Fort William College located at Kolkata was founded in year 1800 ?

**Richard Wellesley**

**4.** स्वतंत्र भारत में उत्खनन किया गया पहला हड़प्पा स्थल निम्नलिखित में से कौन सा था ?

**रोपड़**

Which of the following was the first Harappan site excavated in Independent India ?

**Ropar**

**5.** महावीर और उनके अनुयायियों की शिक्षाएँ कई शताब्दियों तक मौखिक रूप से प्रसारित होती रहीं । इन्हें लगभग 1500 वर्ष पहले लिखा गया था । वर्तमान में वे निम्नलिखित में से किस स्थान पर उपलब्ध हैं ?

**वल्लभी, गुजरात**

The teachings of Mahavira and his followers were transmitted orally for several centuries, they were written down about 1500 years ago, presently those are available at which of the following places ?

**Valabhi, Gujarat**

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| 6. | भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन की निम्नलिखित घटनाओं को उनके घटित होने के वर्ष से मिलाएँ :<br>(i) बारडोली में किसान आंदोलन (a) 1921<br>(ii) महात्मा गाँधी ने नोआखली की यात्रा की (b) 1918<br>(iii) गाँधीजी ने लंगोटी पहनना शुरू किया (c) 1946<br>(iv) अहमदाबाद में मिल मजदूरों की हड़ताल (d) 1928<br>Match the following events of the Indian National Movement with the year they had taken place :<br>(i) Peasant movement in Bardoli (a) 1921<br>(ii) Mahatma Gandhi visited Noakhali (b) 1918<br>(iii) Gandhiji began wearing a loincloth (c) 1946<br>(iv) Mill workers strike in Ahmedabad (d) 1928<br>**(i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(a), (iv)-(b)** |
| 7. | भारत सरकार अधिनियम, 1935 भारत के लिए ब्रिटिश संसद द्वारा पारित सबसे लंबा अधिनियम था । मूल रूप से पारित अधिनियम, बहुत लंबा होने के कारण, दो अलग-अलग अधिनियमों में विभाजित किया गया था अर्थात् भारत सरकार अधिनियम, 1935 और ________ ।<br>**बर्मा सरकार अधिनियम, 1935**<br>The Government of India Act, 1935 was the longest Act passed by the British Parliament for India. The Act originally passed, being very lengthy, was divided into two separate acts namely, the Government of India Act, 1935 and ________.<br>**Government of Burma Act, 1935** |
| 8. | बंगाल के विभाजन ने पूरे भारत में लोगों को क्रोधित कर दिया था और डेल्टा आंध्र (आंध्र के डेल्टा क्षेत्र) में स्वदेशी आंदोलन हुआ था, इसे निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता था ?<br>**वंदेमातरम आंदोलन**<br>The partition of Bengal infuriated people all over India and Swadeshi Movement had taken place in deltaic Andhra, it was known by which of the following names ?<br>**Vandemataram Movement** |

Provisional Answers

| | | |
|---|---|---|
| **9.** | वर्ष 1922 में असहयोग आंदोलन को निलंबित करने के बाद गाँधीजी को अहमदाबाद में गिरफ्तार कर लिया गया और कितने वर्षों के साधारण कारावास की सजा सुनाई गई ?<br>**छह**<br>After suspending the Non-Cooperation movement in the year 1922, Gandhiji was arrested at Ahmedabad and sentenced to simple imprisonment for how many years ?<br>**Six** |
| **10.** | 13 जून, 1943 को सुभाषचंद्र बोस निम्नलिखित में से किसके निमंत्रण पर पूर्वी एशिया आए थे ?<br>**रासबिहारी बोस**<br>Subhash Chandra Bose had come to East Asia on an invitation from which of the following on June 13, 1943 ?<br>**Rasbihari Bose** |
| **11.** | हिमालय का कौन सा भाग नदियों द्वारा लायी गयी असंगठित तलछट से बना है ?<br>**शिवालिक श्रेणी (रेंज)**<br>Which part of the Himalayas is composed of unconsolidated sediments brought down by rivers ?<br>**The Shiwalik Range** |
| **12.** | निम्नलिखित में से किसे "भूरा (ब्राउन) कोयला" भी कहा जाता है ?<br>**लिग्नाइट**<br>Which of the following is also called "Brown Coal" ?<br>**Lignite** |
| **13.** | मिट्टी के कणों और चट्टानों की दरारों के बीच का सारा स्थान पानी से भरा होता है, इस परत की ऊपरी सीमा कहलाती है<br>**जल तालिका (वॉटर टेबल)**<br>All the space between particles of soil and gaps between rocks are filled with water, the upper limit of this layer is called :<br>**Water Table** |
| **14.** | अल-नीनो एक जटिल मौसम प्रणाली है जो हर तीन से सात साल में एक बार दिखाई देती है । यहाँ "अल-नीनो" शब्द का क्या अर्थ है ?<br>**बाल मसीह (चाइल्ड क्राइस्ट)**<br>El-Nino is the complex weather system that appears once every three to seven years. Here what is the meaning of the word El-Nino ?<br>**Child Christ** |

Provisional Answers

| | | |
|---|---|---|
| **15.** | निम्नलिखित में से किस रेगिस्तान में 250 मीटर (820 फीट) तक ऊँचे बड़े रेत के टीले हैं और पृथ्वी पर रेतीले रेगिस्तान का सबसे बड़ा सन्निहित क्षेत्र है ?<br>**रब अल खली रेगिस्तान**<br>Which of the following desert contains large sand dunes up to 250 metres (820 feet) high and the largest contiguous area of sandy desert on Earth ?<br>**The Rub al Khali Desert** | |
| **16.** | भारत में एशिया का पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (ईपीजेड) कहाँ स्थापित किया गया था ?<br>**कांडला, गुजरात**<br>Where was the first Export Processing Zone (EPZ) of Asia set up in India ?<br>**Kandla, Gujarat** | |
| **17.** | पंचवर्षीय योजना के किस संस्करण का उद्देश्य खाद्यान्न उत्पादन में तेजी लाना, रोज़गार के अवसर बढ़ाना और 'खाद्य, कार्य और उत्पादकता' पर ध्यान केंद्रित करते हुए उत्पादकता बढ़ाना था और वह बहुत सफल रहा ?<br>**सातवीं**<br>Which edition of the Five-Year Plan aimed at accelerating food grain production, increasing employment opportunities & raising productivity with focus on 'food, work & productivity' and that was very successful ?<br>**Seventh** | |
| **18.** | निम्नलिखित में से कौन "भारतीय आर्थिक नियोजन के जनक" थे ?<br>**एम. विश्वेश्वरैया**<br>Who among the following was "the father of Indian Economic planning" ?<br>**M. Visvesvaraya** | |
| **19.** | अपने पहले चरण के दौरान, ऑपरेशन फ्लड ने भारत के 18 प्रमुख दुग्धशेडों को भारत के चार प्रमुख महानगरीय शहरों में उपभोक्ताओं के साथ जोड़ा । निम्नलिखित में से कौन सा शहर इस ऑपरेशन का हिस्सा नहीं था ?<br>**बेंगलुरु**<br>During its first phase, Operation Flood linked 18 of India's premier milksheds with consumers in India's four major metropolitan cities. Which of the following cities was not the part of this operation ?<br>**Bengaluru** | |
| **20.** | जीएसटी की कौन सी प्रमुख विशेषता क्रेडिट के निर्बाध प्रवाह की अनुमति देती है और अंतिम उपभोक्ता पर कर के बोझ को कम करती है ?<br>**गंतव्य-आधारित कर**<br>Which salient feature of GST allows the seamless flow of credits and reduces the tax burden on the end consumer ?<br>**Destination-based Tax** | |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| **21.** | निम्नलिखित में से किस मामले पर अकेले केंद्रीय विधानमंडल के पास कानून बनाने की शक्ति है, जिसे अवशिष्ट शक्तियों के रूप में जाना जाता है ?<br>**साइबर कानून**<br>On which of the following matters Union Legislature alone has the power to legislate that is known as Residuary Powers ?<br>**Cyber Laws** |
| **22.** | स्वतंत्र भारत के प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त कौन थे ?<br>**सुकुमार सेन**<br>Who was the first Chief Election Commissioner of Independent India ?<br>**Sukumar Sen** |
| **23.** | समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 के किस अध्याय (चैप्टर) में पुरुष और महिला श्रमिकों को समान दरों पर पारिश्रमिक का भुगतान और अन्य मामले शामिल हैं ?<br>**अध्याय II**<br>Which chapter of the Equal Remuneration Act, 1976 contains payment of remuneration at equal rates to men and women workers and other matters ?<br>**Chapter II** |
| **24.** | भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह शामिल है कि "राज्यपाल विधान सभा को संबोधित कर सकते हैं; राज्यपाल सदन को संदेश भेज सकते हैं ?"<br>**अनुच्छेद 175**<br>Which article of the Indian Constitution includes that "The Governor may address the Legislative Assembly; the Governor may send messages to the House" ?<br>**Article 175** |
| **25.** | निम्नलिखित में से कौन जिला और अधीनस्थ न्यायालयों और उच्च न्यायालयों के आदेशों, निर्णयों और मामले के विवरण का एक व्यापक डेटाबेस प्रदान करता है ?<br>**राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड**<br>Which of the following provides a comprehensive database of orders, judgements and case details of District and Subordinate Courts and High Courts ?<br>**National Judicial Data Grid** |
| **26.** | निम्नलिखित में से किस जानवर में अच्छी तरह से विकसित जल संवहनी तंत्र होता है ?<br>**स्टारफिश**<br>Which of the following animals possesses a well-developed water vascular system ?<br>**Starfish** |

Provisional Answers

**27.** किसी चालक का प्रतिरोध निम्नलिखित में से किस कारक पर निर्भर नहीं करता है ?

**चालक की आर्द्रता**

The resistance of a conductor does not depend on which of the following factors ?

**Humidity of the conductor**

**28.** कच्चे आमों में निम्नलिखित में से कौन सा अम्ल पाया जाता है ?

**टार्टरिक एसिड**

Which of the following acids is found in Unripe Mangoes ?

**Tartaric Acid**

**29.** निम्नलिखित में से किस उपकरण का उपयोग भूमिगत जल दबाव को मापने और जल गुणवत्ता परीक्षण के लिए पानी का नमूना लेने के लिए किया जाता है ?

**पीज़ोमीटर**

Which of the following instruments is used to measure underground water pressure and to take water sample for water quality testing ?

**Piezometer**

**30.** मानव मस्तिष्क में दो न्यूरॉन्स के बीच के अंतर को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है ?

**सिनैप्स**

The gap between two neurons in the Human Brain is known by which of the following name ?

**Synapse**

**31.** निम्नलिखित का योग ज्ञात कीजिए :

Find the sum of the following :

$$\frac{1}{9}+\frac{1}{6}+\frac{1}{12}+\frac{1}{20}+\frac{1}{30}+\frac{1}{42}+\frac{1}{56}+\frac{1}{72}$$

$\mathbf{\frac{1}{2}}$

**32.** $x$ के किस मान के लिए, कथन $\left[\frac{(x)}{21}\times\frac{(x)}{189}\right]=1$ सही है ?

For what value of $x$, statement $\left[\frac{(x)}{21}\times\frac{(x)}{189}\right]=1$ is correct ?

**63**

**33.** $(81)^{-1} \times 3^{-5} \times 3^{9} \times (64)^{5/6} \times (\sqrt[3]{3})^{6} = ?$

**288**



Provisional Answers

| | | |
|---|---|---|
| **34.** | (0.0203 × 2.92) / (0.0073 × 14.5 × 0.7) = ?<br>**0.8** |
| **35.** | गीता की राय में, उसका वजन 55 किलोग्राम से अधिक लेकिन 62 किलोग्राम से कम है । गीता की माँ गीता से सहमत नहीं है और वह सोचती है कि गीता का वजन 50 किलोग्राम से अधिक लेकिन 60 किलोग्राम से कम है । उसके भाई का मानना है कि उनका वजन 58 किलोग्राम से ज्यादा नहीं हो सकता । यदि वे सभी अपने अनुमान में सही हैं, तो गीता के विभिन्न संभावित वजनों का औसत क्या है ?<br>**57 किलोग्राम**<br>In Geeta's opinion, her weight is greater than 55 kg but less than 62 kg. Geeta's mother does not agree with Geeta and she thinks that Geeta's weight is greater than 50 kg but less than 60 kg. Her brother's view is that her weight can't be greater than 58 kg. If all of them are correct in their estimation, what is the average of different probable weights of Geeta ?<br>**57 kg** |
| **36.** | पितृ + इच्छा के योग से कौन सा शब्द बनेगा ?<br>**पित्रिच्छा** |
| **37.** | निम्न में से किस विकल्प में सभी शब्द 'तरंगिणी' शब्द के पर्यायवाची हैं ?<br>**सरिता, तटिनी, निम्नगा** |
| **38.** | निम्नलिखित में से किस विकल्प में वाक्यांश के लिए एक शब्द सही नहीं है ?<br>**पूर्णिमा की रात – कुहू** |
| **39.** | 'हाथ को हाथ न सूझना' – मुहावरे का अर्थ क्या है ?<br>**बहुत घना अँधेरा होना ।** |
| **40.** | निम्नलिखित में से रचनाकार और उनकी रचना के अनुसार कौन सा युग्म गलत है ?<br>**जयशंकर प्रसाद – लोकायतन** |
| **41.** | A person who has an obsessive wish to steal.<br>**kleptomaniac** |
| **42.** | Fill in the blank with correct preposition :<br>Virat plays Cricket ________ Football.<br>**besides** |
| **43.** | Put the correct article :<br>________ President of the United States will be in Bharat next week.<br>**The** |

Provisional Answers

**Read the following paragraph and answer the following questions : (Q. 44 and 45)**

The State Emblem is an adaptation of the Lion Capital of Asoka at Sarnath. In the original, there are four lions, mounted back-to-back, on a circular abacus, which itself rests on a bell-shaped lotus. The frieze of the abacus has sculptures in high relief of an elephant, a galloping horse, a bull and a lion separated by intervening Dharma Chakras. The profile of the Lion Capital showing three lions mounted on the abacus with a Dharma Chakra in the centre, a bull on the right and a galloping horse on the left, and outlines of Dharma Chakras on the extreme right and left was adopted as the State Emblem of India on January 26, 1950. The bell-shaped lotus was omitted. The motto Satyameva Jayate, which means 'Truth Alone Triumphs', written in Devanagari script below the profile of the Lion Capital is part of the State Emblem of India.

**44.** Which of the following animals is not included in national emblem ?

**Tiger**

**45.** What is in the centre of national emblem ?

**Dharma Chakra**

**46.** 10:25 बजे घड़ी की सूइयों के बीच प्रतिवर्ती कोण होता है

The reflex angle between the hands of a clock at 10:25 is

**197½**

**47.** इनमें से बेजोड़ को चुनें :

Pick the odd one out :

**161, 207, 299, 347**

**48.** पंद्रह बच्चे एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर मुख करके खड़े हैं । सौरव, राधा के निकटतम बाईं ओर है और बाएँ छोर से आठवें स्थान पर है । बिमल दायें छोर से दूसरे स्थान पर है । निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सत्य नहीं है ?

**बिमल बाएँ छोर से 13वें स्थान पर है ।**

Fifteen children are standing in a row facing north. Saurav is to the immediate left of Radha and is eighth from the left end. Bimal is second from the right end. Which of the following statements is not true ?

**Bimal is 13th from the left end.**

**49.** चेन्नई जयपुर से बड़ा है, सूरत कोलकाता से बड़ा है । रायपुर जयपुर जितना बड़ा नहीं है, लेकिन सूरत से बड़ा है, कोलकाता सूरत जितना बड़ा नहीं है, सबसे छोटा कौन सा है ?

**कोलकाता**

Chennai is bigger than Jaipur, Surat is bigger than Kolkata. Raipur is not as big as Jaipur, but is bigger than Surat, Kolkata is not as big as Surat, which is the smallest ?

**Kolkata**

Provisional Answers

**50.** इस प्रश्न में दो कथन I और II दिए गए हैं । ये कथन या तो स्वतंत्र कारण हो सकते हैं या स्वतंत्र कारणों या सामान्य कारण के प्रभाव हो सकते हैं । इनमें से एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है । दोनों कथनों को पढ़ें और निर्णय लें कि निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर विकल्प इन दोनों कथनों के बीच के संबंध को सही ढंग से दर्शाता है ।

**कथन :**

**I.** मौसम विभाग ने एक बयान जारी कर देश के कई हिस्सों में मानसून के दौरान कम बारिश होने का जिक्र किया है ।

**II.** सरकार ने संशोधित अनुमानित जीडीपी वृद्धि दर को पहले के अनुमान के स्तर से कम कर दिया है ।

**यदि दोनों कथन I और II स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं ।**

In this question two statements I and II are given. These statements may be either independent causes or may be effects of independent causes or a common cause. One of these statements may be the effect of the other statement. Read both the statements and decide which of the following answer choice correctly depicts the relationship between these two statements.

**Statements :**

**I.** The Meteorological Department has issued a statement mentioning deficient rainfall during monsoon in many parts of the country.

**II.** The Government has lowered the revised estimated GDP growth from the level of earlier estimates.

**If both the statements I and II are effects of independent causes.**

**51.** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया) ने निम्नलिखित में से किस स्थान पर ग्लोबल फिनटेक फेस्ट-2023 में UPI पर क्रेडिट लाइन का अनावरण किया है ?

**मुंबई**

National Payments Corporation of India (NPCI) has unveiled Credit Line on UPI at the Global Fintech Fest-2023 at which of the following places ?

**Mumbai**

**52.** हाल ही में, अखिल भारतीय शिक्षा समागम का आयोजन भारत सरकार के निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा किया गया था ?

**शिक्षा मंत्रालय और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय**

Recently, Akhil Bharatiya Shiksha Samagam had been organized by which of the following ministries of Government of India ?

**Ministry of Education and Ministry of Skill Development & Entrepreneurship**

Provisional Answers

| | | |
|---|---|---|
| **53.** | निम्नलिखित में से किसने हाल ही में जनता को वास्तविक समय में बाढ़ का पूर्वानुमान प्रदान करने के लिए एक मोबाइल एप्लीकेशन "फ्लडवॉच" लॉन्च की है ?<br>**श्री कुशविंदर वोहरा**<br>Who among the following has recently launched a mobile application "Floodwatch" to provide Real-Time Flood Forecasts to Public ?<br>**Shri Kushvinder Vohra** | |
| **54.** | हाल ही में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजघाट के निकट निम्नलिखित में से किस स्थान पर महात्मा गाँधी की प्रतिमा का अनावरण किया है ?<br>**गाँधी दर्शन**<br>Recently, President Draupadi Murmu has unveiled Mahatma Gandhi's statue at which of the following places near Rajghat ?<br>**Gandhi Darshan** | |
| **55.** | हाल ही में, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने पूर्वी लद्दाख के करीब दुनिया की सबसे ऊँची मोटर वाहन चलाने योग्य सड़क का निर्माण शुरू किया है । निम्नलिखित में से वर्तमान में विश्व की सबसे ऊँची मोटर वाहन चलाने योग्य सड़क कौन सी है ?<br>**उमलिंगला दर्रा**<br>Recently, Border Roads Organisation (BRO) has commenced the construction of the World's Highest Motorable Road close to eastern Ladakh. Which of the following is the World's Highest Motorable Road presently ?<br>**Umlingla Pass** | |
| **56.** | निम्नलिखित में से किस संगठन ने हाल ही में एकलव्य–एक अनुसंधान संबद्ध कार्यक्रम लॉन्च किया है ?<br>**नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली**<br>Which of the following organization has recently launched Eklavya – A Research Affiliate Programme ?<br>**The National Law University, Delhi** | |
| **57.** | निम्नलिखित में से किसे हाल ही में ललितपुर, नेपाल में आयोजित काठमांडू–कलिंग साहित्य महोत्सव में "यशस्वी सम्मान" प्राप्त हुआ है ?<br>**डॉ. माधव प्रसाद पोखरेल**<br>Who among the following has recently received "Yashaswi Samman" at Kathmandu-Kalinga Literary Festival organised at Lalitpur, Nepal ?<br>**Dr. Madhav Prasad Pokhrel** | |
| **58.** | निम्नलिखित में से कौन सा देश हाल ही में ब्रिक्स (BRICS) का नया सदस्य नहीं बना है ?<br>**क्यूबा**<br>Which of the following countries has not become recent new member of BRICS ?<br>**Cuba** | |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| **59.** | बैंक ऑफ इज़राइल हाल ही में ICCR में शामिल हुआ है, ICCR का पूर्ण रूप क्या है ?<br>**इंटरनेशनल कमिटी ऑन क्रेडिट रिपोर्टिंग**<br>The Bank of Israel has recently joined the ICCR, what is the full form of ICCR ?<br>**International Committee on Credit Reporting** |
| **60.** | सऊदी अरब साम्राज्य ने निम्नलिखित में से किस स्थान पर दक्षिण पूर्व एशिया में मैत्री और सहयोग की संधि (टीएसी) में शामिल होने के दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर किए हैं ?<br>**जकार्ता, इंडोनेशिया**<br>The Kingdom of Saudi Arabia has signed the Instrument of Accession to the Treaty of Amity and Cooperation in Southeast Asia (TAC) at which of the following places ?<br>**Jakarta, Indonesia** |
| **61.** | उस दिन का नाम बताएँ जो भारत में स्कूलों/कॉलेजों में छात्रों के बीच बचत की आदत को बढ़ावा देने के लिए हर साल 15 सितंबर को मनाया जाता है ।<br>**संचयिका दिवस**<br>Name the day that is celebrated every year on 15th September in India to promote the habit of thrift among the students in schools/colleges.<br>**Sanchayika Day** |
| **62.** | भारत के पहले नियोजित आधुनिक शहर की आधिकारिक भाषा निम्नलिखित में से कौन सी है ?<br>**अंग्रेजी**<br>Which of the following is the official language of India's first planned modern city ?<br>**English** |
| **63.** | निम्नलिखित में से किससे संबंधित एकमात्र उदाहरण है, जब भारत के राष्ट्रपति ने अपनी वीटो शक्ति का प्रयोग किया ?<br>**भारतीय डाकघर (संशोधन) विधेयक**<br>The only instance when the President of India exercised his power of veto related to which of the following ?<br>**Indian Post-Office (Amendment) Bill** |
| **64.** | खाशाबा दादासाहेब जाधव निम्नलिखित में से किस खेल में ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने थे ?<br>**कुश्ती**<br>Khashaba Dadasaheb Jadhav had become the first Indian to win an Olympic medal in which of the following sports ?<br>**Wrestling** |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| **65.** | पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) की स्थापना के लिए सम्मेलन कहाँ हुआ था ?<br>**बगदाद**<br>Where the conference for establishment of the Organisation of the Petroleum Exporting Countries (OPEC) had taken place ?<br>**Baghdad** |
| **66.** | निम्नलिखित में से किस भारतीय स्वतंत्रता सेनानी ने "हिंट्स फॉर सेल्फ-कल्चर" नामक पुस्तक लिखी थी ?<br>**लाला हरदयाल**<br>Which one of the following Indian Freedom Fighter had written a book named "Hints for Self-Culture" ?<br>**Lala Har Dayal** |
| **67.** | उस जलडमरूमध्य का नाम बताइए जो जावा सागर को हिन्द महासागर से जोड़ता है ।<br>**सुंडा जलडमरूमध्य**<br>Give name of the strait which connects the Java sea to the Indian ocean.<br>**Strait of Sunda** |
| **68.** | ऋषि मनु के अनुसार, पुरानी पवित्र नदियों सरस्वती और दृषद्वती के बीच का भूभाग _______ के नाम से जाना जाता था ।<br>**ब्रह्मवर्त**<br>According to Rishi Manu, the tract between the old sacred rivers Sarswati and Drishdvati was known as ___.<br>**Brahmavarta** |
| **69.** | राष्ट्रीय समुद्र-विज्ञान संस्थान (NIO) का मुख्यालय निम्नलिखित में से किस स्थान पर है ?<br>**डोना पौला, गोवा**<br>The National Institute of Oceanography (NIO) is having its headquarters at which of the following places ?<br>**Dona Paula, Goa** |
| **70.** | गुजरात के छोटाउदेपुर क्षेत्र में आमतौर पर पिथौरा को प्रसाद के रूप में केवल पुरुषों द्वारा बनाए गए भित्ति चित्र (Wall Murals) अर्पण किये जाते हैं । यहाँ, "पिथौरा" का अर्थ __________ है ।<br>**अन्न के देवता**<br>Wall Murals only painted by Men commonly in the Chhotaudepur area of Gujarat as offerings to Pithora. Here, "Pithora" means ____________.<br>**God of Food Grains** |

Provisional Answers

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्र. 71-75)**

आज किसी भी व्यक्ति का सबसे अलग एक टापू की तरह जीना संभव नहीं रह गया है । भारत में विभिन्न पंथों और विविध मत-मतांतरों के लोग साथ-साथ रह रहे हैं । ऐसे में यह अधिक ज़रूरी हो गया है कि लोग एक-दूसरे को जानें; उनकी ज़रूरतों को, उनकी इच्छाओं-आकांक्षाओं को समझें उन्हें तरजीह दें और उनके धार्मिक विश्वासों, पद्धतियों, अनुष्ठानों को सम्मान दें । भारत जैसे देश में यह और भी अधिक ज़रूरी है, क्योंकि यह देश किसी एक धर्म, मत या विचारधारा का नहीं है । स्वामी विवेकानंद इस बात को समझते थे और अपने आचार-विचार में अपने समय से बहुत आगे थे । उनका दृढ़ मत था कि विभिन्न धर्मों-संप्रदायों के बीच संवाद होना ही चाहिए । वे विभिन्न धर्मों-संप्रदायों की अनेकरूपता को जायज़ और स्वाभाविक मानते थे । स्वामी जी विभिन्न धार्मिक आस्थाओं के बीच सामंजस्य स्थापित करने के पक्षधर थे और सभी को एक ही धर्म का अनुयायी बनाने के विरुद्ध थे । वे कहा करते थे, "यदि सभी मानव एक ही धर्म को मानने लगें, एक ही पूजा-पद्धति को अपना लें और एक-सी नैतिकता का अनुपालन करने लगें, तो यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात होगी, क्योंकि यह सब हमारे धार्मिक और आध्यात्मिक विकास के लिए प्राणघातक होगा तथा हमें हमारी सांस्कृतिक जड़ों से काट देगा" । हमें सभी धर्म-संप्रदाय-पंथ-विचारों के लोगों को और उनकी विचारधाराओं और उपासना पद्धतियों को उचित सम्मान देना चाहिए । किसी भी व्यक्ति को चाहे वह किसी जाति-धर्म और भाषा से सम्बंधित है, प्रकृति ने समान बनाया है । सभी मनुष्यों में एक ही परमात्मा का वास है । जागतिक विकास की दृष्टि से कोई पिछड़ा हो सकता है । यदि कोई पिछड़ा हुआ है तो उसे अपने साथ ले लेने से मानवता खिल उठती है ।

**71.** गद्यांश के अनुसार धर्म-सम्प्रदायों के विषय में विवेकानंद का विचार था कि

**सभी धर्म समान हैं और धर्म-सम्प्रदायों की अनेकरूपता जायज़ और स्वाभाविक है ।**

**72.** हमारे धार्मिक और आध्यात्मिक विकास के लिए क्या प्राणघातक होगा ?

**भारत जैसे देश में किसी एक धर्म का पालन ।**

**73.** मानवता कब खिल उठती है ?

**जब पिछड़ों को सहारा दिया जाता है ।**

**74.** 'आध्यात्मिक' शब्द में क्रमशः उपसर्ग, मूल शब्द और प्रत्यय हैं ?

**अधि + आत्म + इक**

**75.** 'स्वामी विवेकानंद इस बात को समझते थे और अपने आचार-विचार में अपने समय से बहुत आगे थे ।' वाक्य का प्रकार है

**संयुक्त वाक्य**

Provisional Answers

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्र. 76-80)**

इस रत्नगर्भा वसुंधरा के अंत:स्थल में हीरे–मणि– माणिक्य और सम्पदा का अभाव नहीं है । धरती का विस्तीर्ण अतल गर्भ अनंत धनराशि से भरा पड़ा है । आवश्यकता है, इसके वक्ष को चीरकर उन्हें उगलवा लेने वाले दृढ़ संकल्प और साहस की । धरती के अंदर विद्यमान धनराशि के कारण ही धरती वसुंधरा कहलाती है । इस धरा पर रहने वाले कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि यदि भाग्य में नहीं है तो हथेली पर आई वस्तु भी नष्ट हो जाती है । जब हम अपना चिंतन केवल भाग्यवाद को आधार मानकर करते हैं, तो हम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपेक्षित प्रयत्न नहीं करते । प्रयत्न के अभाव में फल भी नहीं मिलता और लोग भाग्य को दोष देते रहते हैं । ऐसे भाग्यवादी लोगों को कायर माना जाता है । अकूत सम्पदा तो उसी को मिल सकती है जो पूर्ण संकल्प के साथ कार्य में प्रवृत्त हो । जैसे अर्जुन का ध्यान पक्षी की बेधे जाने वाली आँख पर था, उसी प्रकार जो लक्ष्य के प्रति एकनिष्ठ होकर सतत प्रयासशील रहता है, समय के परिपाक के साथ उस लक्ष्य को पाने में सफल हो जाता है । ऐसे लोग जो भाग्य के सहारे बैठे रहते हैं और प्रतीक्षा करते रहते हैं कि अली बाबा की सिम–सिम वाली गुफा का द्वार कब खुलता है, उन्हें जब असफलता का अँधेरा अपने चारों ओर घिरता दिखाई देता है, तब वे पछतावा करते हैं कि उन्होंने व्यर्थ ही समय गँवा दिया । मनुष्य के पास सभी कुछ पा लेने की क्षमता होती है, पर कैसे उसे पाया जाएगा उसके लिए संपूर्ण–निर्णयशक्ति, दृढ़ संकल्प और अपेक्षित परिश्रम आवश्यक है । कई बार लक्ष्य के एकदम समीप पहुँच कर हम प्रयत्न करना छोड़ देते हैं और भाग्य को दोष देते हैं । भाग्य जैसी कोई वस्तु या तो होती ही नहीं है और या परिश्रम की चाबी के साथ मिलकर भाग्य की चाबी काम करती है । भाग्य की अकेली चाबी सफलता के ताले को नहीं खोल सकती । इसीलिए कवि तुलसीदास ने कहा है – कायर मन कर एक अधारा । दैव दैव आलसी पुकारा ॥

**76.** जब हम अपना चिंतन केवल भाग्यवाद को आधार मानकर करते हैं तब क्या होता है ?

**हम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपेक्षित प्रयत्न नहीं करते हैं और असफल होते हैं ।**

**77.** जीवन में भाग्य का फल किसको मिलता है ?

**जो परिश्रम की चाबी के साथ भाग्य की चाबी मिलाकर सफलता का ताला खोलने का प्रयास करते हैं ।**

**78.** गद्यांश में कायर किसको माना गया है ?

**जो अपेक्षित परिश्रम से डरकर भाग्य का आश्रय ले ।**

**79.** भाग्य को कौन लोग दोष देते रहते हैं ?

**जो प्रयत्न के अभाव में फल न मिल पाने के कारण बचाव का बहाना खोजते हैं ।**


**80.** 'परिश्रम' शब्द कौन सी व्याकरणिक इकाई है ?

**संज्ञा**

Provisional Answers

**(प्र. 81-85) :** निम्नलिखित ग्राफ विभिन्न लोगों द्वारा कार्य पूरा करने में लगने वाले समय को दर्शाता है :

**(Q. 81-85) :** The following graph shows the time taken by different people to complete the work :




**81.** यदि वे सभी एक साथ कार्य करें तो कार्य को पूरा करने में कुल कितना समय लगेगा ?

**80/29 दिन**

What is the total time taken to complete the work if all of them work together ?

**80/29 days**

**82.** निम्नलिखित में से कौन सा समूह कार्य को पूरा करने में न्यूनतम समय लेता है ?

**चमन और रमेश**

Which of the following groups take minimum time to complete the work ?

**Chaman and Ramesh**

**83.** स्नेहा, कैलाश से दोगुनी कुशल है और वे दोनों मिलकर उतना ही काम करते हैं जितने समय में चमन और अक्षय मिलकर करते हैं । कैलाश व्यक्तिगत रूप से कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकता है ?

**20 दिन**

Sneha is twice as efficient as Kailash and together they do the same work in as much time as taken by Chaman and Axay together. In how many days Kailash can complete the work individually ?

**20 days**

**84.** 5 दिनों तक काम करने के बाद राकेश से अक्षय जुड़ जाता है । यदि वे शेष कार्य को 5 और दिनों में पूरा करते हैं, तो अक्षय अकेले कितने दिनों में कार्य पूरा कर सकता है ?

**15 दिन**

After working for 5 days Rakesh is joined by Axay. If they complete the remaining work in 5 more days, in how many days can Axay alone complete the work ?

**15 days**

Provisional Answers


**85.** चमन और अक्षय ने संयुक्त रूप से काम शुरू किया । कुछ दिनों बाद मिहिर भी उनके साथ शामिल हो गया और इस तरह उन सभी ने 5 दिनों में पूरा काम पूरा कर लिया । इन सभी को कुल मिलाकर ₹ 3,000 का भुगतान किया गया । मिहिर का हिस्सा कितना है ?

Chaman and Axay started the work jointly. A few days later Mihir also joined them and thus all of them completed the whole work in 5 days. All of them were paid total ₹ 3,000. What is the share of Mihir ?

**₹ 750**

**(प्र. 86-90) :** दिया गया बार ग्राफ विभिन्न वर्षों में खाड़ी (गल्फ) में भारत, अफगानिस्तान और नेपाल के लोगों द्वारा धारित नौकरियों का प्रतिशत दर्शाता है । बार ग्राफ का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

**(Q. 86-90) :** Given bar graph shows the percentage of jobs held by peoples of India, Afghanistan and Nepal in the Gulf over the different years. Study the bar graph and answer the following questions :




**86.** यदि वर्ष 2018 और 2021 में नौकरी करने वाले कुल व्यक्तियों का अनुपात 3:5 है और 2021 में खाड़ी (गल्फ) में कुल भारतीय 4400 हैं, तो वर्ष 2018 में खाड़ी (गल्फ) में नेपाल के कुल लोगों का पता लगाएँ ।

If the ratio of the total persons who are doing their jobs in the year 2018 and 2021 is 3:5 and the total Indians in the Gulf in 2021 are 4400, then find the total Nepal people in the year 2018 in Gulf.

**1680**

**87.** यदि वर्ष 2019 में खाड़ी (गल्फ) में कुल भारतीयों की संख्या वर्ष 2022 में खाड़ी (गल्फ) में अफगानिस्तान के कुल लोगों के बराबर है, तो संबंधित वर्षों में खाड़ी (गल्फ) में नेपाल के लोगों का अनुपात ज्ञात कीजिए ।

If total Indians in Gulf in the year 2019 are equal to the total Afghanistan people in Gulf in the year 2022, then find the ratio of Nepal people in Gulf in the respective years.

**1 : 5**

Provisional Answers

**88.** यदि 2020 में कुल व्यक्ति 2021 में कुल नेपाल लोगों के तीन गुना हैं और वर्ष 2020 में कुल भारतीय 5775 हैं, तो ज्ञात करें कि वर्ष 2020 में कुल भारतीय वर्ष 2021 में कुल नेपाल लोगों से कितने प्रतिशत अधिक हैं ।

If total persons in 2020 are three times the total Nepal people in 2021 and also the total Indians in the year 2020 are 5775, then find that the total Indians in the year 2020 are how much percent more than the total Nepal people in the year 2021.

**5%**

**89.** यदि वर्ष 2018 में अफगानिस्तान के कुल लोगों की संख्या 2340 है और वर्ष 2018 और 2019 में अफगानिस्तान के लोगों का अनुपात 45:88 है, तो वर्ष 2018 और 2019 में मिलाकर खाड़ी (गल्फ) में व्यक्तियों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए ।

If the total Afghanistan people in the year 2018 are 2340 and ratio of Afghanistan people in the years 2018 and 2019 is 45:88, then find the total number of persons in the Gulf in the years 2018 and 2019 together.

**20800**

**90.** यदि 2018 से 2022 तक सभी दिए गए वर्षों में कुल व्यक्तियों का अनुपात 2 : 3 : 3 : 4 : 5 है, तो 2018 से 2022 तक सभी दिए गए वर्षों में खाड़ी (गल्फ) में कुल भारतीयों का अनुपात ज्ञात करें ।

If ratio of total persons in all the given years from 2018 to 2022 is 2 : 3 : 3 : 4 : 5, then find the ratio of total Indians in the Gulf over all the given years from 2018 to 2022.

**23 : 27 : 21 : 22 : 20**

**(प्र. 91-95) :** डेटा का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न के उत्तर दें :

तालिका एक दुकानदार द्वारा बेची गई वस्तुओं और उनकी कीमतों और लाभ को दर्शाती है ।

**(Q. 91-95) :** Study the data carefully and answer the questions given below :

The table shows the items sold by a shopkeeper and their prices and profit.

| वस्तुएँ/ Item | लागत मूल्य/ Cost Price | लाभ%/ Profit% | छूट/ Discount |
|---|---|---|---|
| बैग/Bag | 230 | 10% | 48 |
| शर्ट/Shirt | 320 | 15% | 96 |
| चश्में/Eye-Glasses | 200 | 25% | 35 |
| पैंट/Pant | 450 | 12% | 72 |
| पुस्तक/Book | 140 | 20% | 14 |

**91.** स्नेहा ने 1 शर्ट, 2 बैग और 1 पैंट खरीदा और दुकानदार ने अंकित मूल्य पर 5% अतिरिक्त छूट दी, दुकानदार का अनुमानित कुल लाभ ज्ञात कीजिए ।

Sneha purchased 1 Shirt, 2 Bags and 1 Pant and shopkeeper gave 5% additional discount on the marked price, find the approximate total profit of the shopkeeper.

**65.9**

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| **92.** | चश्मे का अंकित मूल्य पुस्तक के अंकित मूल्य से लगभग कितना प्रतिशत अधिक है ?<br>Marked price of Eye-glass is approximately how much percent more than the marked price of Book ?<br>**56.59%** |
| **93.** | यदि अँगूठी का लागत मूल्य शर्ट के लागत मूल्य से 30% अधिक है और दुकानदार 35% छूट देकर 25% अर्जित करना चाहता है, तो अंकित मूल्य क्या होगा ?<br>If the cost price of the Ring is 30% more than the cost price of Shirt and the shopkeeper wants to earn 25% after giving 35% discount so what will be the marked price ?<br>**₹ 800** |
| **94.** | दुकानदार ने एक ग्राहक को 2 शर्ट, 3 चश्मे, 2 पैंट और 1 किताब बेची । उसका अनुमानित औसत लाभ क्या है ?<br>The shopkeeper sold 2 Shirts, 3 Eye-glasses, 2 Pants and 1 Book to a customer. What is his approximate average profit ?<br>**₹ 47.75** |
| **95.** | दुकानदार द्वारा बेचे गए चश्मे और किताब पर छूट प्रतिशत का अनुपात क्या है ?<br>What is the ratio of the discount percent of the Eye-glasses and Book sold by shopkeeper ?<br>**91 : 57** |

**(प्र. 96-100) :** प्रश्न निम्नलिखित तालिका चार्ट पर आधारित हैं जो एक ट्रेडिंग कंपनी के 2015–16 से 2020–21 तक उसके चार उत्पादों P, Q, R और S पर विज्ञापन व्यय (₹ करोड़ में) को दर्शाता है । (लाभ = बिक्री – विज्ञापन व्यय)

**(Q. 96-100) :** The questions are based on the following table chart which represents the advertisement expenditure (in ₹ crores) of a trading company from 2015-16 to 2020-21 on four of its products P, Q, R and S. (Profit = Sales – Advertising expenditure)

| **वर्ष/Year** | **P** | **Q** | **R** | **S** |
|---|---|---|---|---|
| 2015-16 | 50 | 75 | 50 | 25 |
| 2016-17 | 25 | 75 | 50 | 25 |
| 2017-18 | 50 | 50 | 75 | 25 |
| 2018-19 | 75 | 25 | 0 | 25 |
| 2019-20 | 50 | 75 | 50 | 50 |
| 2020-21 | 75 | 50 | 100 | 25 |

दिए गए वर्षों के लिए बिक्री इस प्रकार है :

Sales for given years are as follows :

| | |
|---|---|
| 2015-16 | ₹ 300 करोड़ / crores |
| 2016-17 | ₹ 450 करोड़ / crores |
| 2017-18 | ₹ 500 करोड़ / crores |
| 2018-19 | ₹ 150 करोड़ / crores |
| 2019-20 | ₹ 600 करोड़ / crores |
| 2020-21 | ₹ 700 करोड़ / crores |

Provisional Answers

| | |
|---|---|
| **96.** | किस वर्ष में उत्पाद Q का लाभ सबसे अधिक है, यदि इसकी बिक्री हर साल कुल बिक्री का 20% है ?<br>In which year the product Q's profit is the highest, if its sales form 20% of the total sales every year ?<br>**2020-21** |
| **97.** | दिए गए वर्षों में, उत्पाद S का विज्ञापन व्यय P और R के मिलाकर विज्ञापन व्यय के प्रतिशत के रूप में किस वर्ष में सबसे कम है ?<br>Among the given years, the advertising expenditure of product S as a percentage of the advertising expenditure of P and R together is least in<br>**2020-21** |
| **98.** | यदि वर्ष 2020–21 में उत्पादों P, Q, R और S की बिक्री का अनुपात 2 : 5 : 1 : 2 है, तो S का लाभ उसी वर्ष Q के लाभ का लगभग कितना प्रतिशत है ?<br>If the ratio of sales of the products P, Q, R and S in the year 2020-21 is 2 : 5 : 1 : 2, then the profit of S is approximately what percentage of the profit of Q in the same year ?<br>**38.33%** |
| **99.** | 2021–22 में कंपनी की बिक्री 30% घट गई । 2021–22 के लिए कुल विज्ञापन खर्च उसी दर से बढ़े, जिस दर से 2019–20 से 2020–21 तक कुल विज्ञापन खर्च बढ़े थे । 2021–22 के लिए अनुमानित लाभ क्या है ?<br>**₹ 212.225 करोड़**<br>In 2021-22, the sales of the company decreases by 30%. Total advertising expenses for 2021-22 grow at the same rate as they did from the total advertising expenses 2019-20 to 2020-21. What is the approximate profit for 2021-22 ?<br>**₹ 212.225 crores** |
| **100.** | यदि वर्ष 2016–17 में सभी उत्पादों के लिए विज्ञापन व्यय आधा हो जाता है और 2020–21 में दोगुना हो जाता है और अन्य वर्षों के लिए यह समान रहता है, तो किस वर्ष के दौरान लाभ सबसे अधिक है ?<br>If the advertising expenditure for all the products in the year 2016-17 is halved and that in 2020-21 is doubled and for the other years it remains the same, then during which year the profit is the highest ?<br>**2019-20** |